**प्रेस नोट**

**दिनांक 26.06.2025**

**जनपद हमीरपुर में बाढ़ नियंत्रण हेतु एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के साथ मॉक ड्रिल आयोजित।**

आज दिनांक 26 जून 2025 को जनपद हमीरपुर में संभावित बाढ़ की आपदा के प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित राहत-बचाव कार्यों हेतु अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) एवं राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमों के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव उपकरणों के प्रयोग, पीड़ितों के सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरण तथा स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं टीमों के बीच आपसी संवाद और समन्वय स्थापित करते हुए बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संभावित जोखिम क्षेत्रों, संसाधनों की उपलब्धता, बचाव मार्गों, राहत शिविरों की स्थापना एवं स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा पूर्व में की गई तैयारियों का मूल्यांकन भी किया गया और भविष्य की रणनीतियों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ व एसडीआरएफ कर्मियों ने बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने, प्राथमिक उपचार देने, नाव संचालन एवं आपदा संचार प्रणाली के प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण अभ्यास किए। इस आयोजन में उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, अग्निशमन अधिकारी हमीरपुर, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे और समन्वयपूर्ण ढंग से आपदा प्रबंधन की रूपरेखा पर कार्य किया गया।